सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 225 | इंदौर, शनिवार 24 फरवरी, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. Karnataka: मंदिर पर टैक्स लगाने की सरकार की योजना को झटका, BJP-JDS के विरोध के बाद विधान परिषद में अटका विधेयक
2. Mumbai: मॉरीशस जा रहे विमान में पांच घंटे फंसे रहे बच्चे-बुजुर्ग, सांस में समस्या के बाद भी उतरने से रोका गया
3. WB: टीएमसी के सभी 42 सीटों पर लड़ने के एलान पर कांग्रेस बोली- हमारे दरवाजे अभी भी खुले, भाजपा को हराना मकसद
4. Assam: असम सरकार का बड़ा फैसला, खत्म किया मुस्लिम विवाह एवं तलाक कानून, सीएम बोले- इससे बाल विवाह रुकेंगे
5. छत्तीसगढ़ में टारगेट पर नक्सली: सुकमा में DRG जवानों के साथ मुठभेड़, 20 मिनट में एक ढेर; हथियार भी बरामद
6. Pakistan: ईरान ने पाकिस्तान की सीमा में घुसकर फिर किया हमला, जैश अल अदल का शीर्ष कमांडर ढेर
7. Russia: 'चुपचाप दफनाएं वर्ना...': नवलनी का शव सौंपने के बदले रूसी अधिकारियों ने उनकी मां के सामने रखी शर्त
8. Gujarat Bus Accident: रेलिंग तोड़कर सड़क से 25 फीट नीचे गिरी यात्री बस, दो की मौत
9. Ukraine War: US-UK और यूरोपियन संघ ने रूस के खिलाफ लगाए नए प्रतिबंध, युद्ध के दो साल पूरे होने पर कार्रवाई

# महाकाल मंदिर- भस्म आरती के नाम पर ठगी

## दिल्ली के तीन श्रद्धालुओं को लगाई चपत

## मंदिर प्रशासन खंगाल रहा फुटेज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में दिल्ली के तीन श्रद्धालुओं के साथ भस्म आरती के नाम पर छह हजार रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। बताया जाता है कि प्रोटोकाल के तहत उज्जैन विकास प्राधिकरण अध्यक्ष के नाम पर दर्शन अनुमति बनवाई गई है। मंदिर प्रशासन मामले की पड़ताल के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रहा है। शंका के आधार पर करीब आठ लोगों से पूछताछ जारी है। पुख्ता जानकारी मिलने पर संबंधित के विरुद्ध पुलिस में एफआइआर दर्ज कराई जाएगी।**

मंदिर प्रशासक संदीप कुमार सोनी ने बताया कि दिल्ली के श्रद्धालुओं से ठगी होने का मामला संज्ञान में आया है। दर्शनार्थियों ने स्थानीय व्यक्ति के माध्यम से प्रोटोकाल कोटे के तहत भस्म आरती की अनुमति प्राप्त की थी। यह अनुमति उज्जैन विकास प्राधिकरण अध्यक्ष के नाम पर हुई है, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है।

दर्शनार्थियों ने जिन लोगों से भस्म आरती अनुमति के लिए संपर्क किया था, उन्होंने अन्य किसी व्यक्ति से संपर्क कर अनुमति बनवाई है। इसलिए हमारा लक्ष्य अंतिम कड़ी तक पहुंचना है। जल्द ही मामले का पटाक्षेप कर लिया जाएगा तथा दोषी के विरुद्ध एफआइआर दर्ज कराई जाएगी।

### →प्रोटोकाल अनुमति व्यवस्था में हो रही धांधली

महाकाल मंदिर में भस्म आरती अनुमति के लिए कोटा सिस्टम लागू है। मंदिर समिति ने विभिन्न विभागों के अधिकारी, सांसद, विधायक, अन्य राजनेता, विभिन्न राजनैतिक दल तथा मंदिर के पुजारी, पुरोहितों को कोटा आवंटित कर रखा है। इन लोगों की अनुशंसा पर किसी भी व्यक्ति को अनुमति जारी कर दी जाती है। मंदिर समिति इस व्यवस्था में पारदर्शिता नहीं रख पा रही है। मंदिर के आसपास घूमने वाले दलाल के तार वीआइपी स्वीकृति दिलवाने वाले लोगों से जुड़े हैं। इससे यह लोग आसानी से अनुमति प्राप्त कर लेते हैं।



### →ऑनलाइन हो संपूर्ण व्यवस्था

मंदिर समिति को भस्म आरती अनुमति की संपूर्ण व्यवस्था को आनलाइन कर देना चाहिए। वर्तमान में समिति केवल आनलाइन माध्यम से 400 लोगों को अनुमति जारी करती है। जबकि करीब एक हजार लोगों को प्रतिदिन कोटा सिस्टम के तहत अनुमति जारी होती है। श्रद्धालुओं की मांग है कि भस्म आरती व्यवस्था से कोटा सिस्टम पूरी तरह समाप्त होना चाहिए।

### →महाशिवरात्रि पर बंद रहेगी महाकाल के शीघ्र दर्शन टिकट की सुविधा

आठ मार्च को महाशिवरात्रि पर देश-विदेश से आने वाले भक्तों को चलायमान व्यवस्था से भगवान महाकाल के दर्शन होंगे। मंदिर समिति द्वारा भीड़ नियंत्रण के लिए इस दिन 250 रुपये की शीघ्र दर्शन टिकट सुविधा बंद रखने का निर्णय लिया गया है। आठ व नौ मार्च के लिए भस्म आरती की ऑनलाइन बुकिंग को भी ब्लाक कर दिया गया है। दर्शनार्थियों को प्रशासनिक कार्यालय के समीप स्थित भस्म आरती बुकिंग काउंटर से ऑफलाइन अनुमति प्रदान की जाएगी।

### →दर्शन के लिए रहेगी ये व्यवस्था

मंदिर प्रशासक संदीप कुमार सोनी ने बताया कि निर्धारित व्यवस्था के अनुसार भक्तों को नृसिंह घाट से चारधाम मंदिर, शक्तिपथ, महाकाल महालोक होते हुए मानसरोवर फैसिलिटी सेंटर से मंदिर में प्रवेश दिया जाएगा। इसके बाद दर्शनार्थी मंदिर के नए टनल मार्ग से होकर गणेश मंडप पहुंचेंगे तथा भगवान महाकाल के दर्शन करेंगे। इसके पश्चात नए निर्गम द्वार से निकलकर बड़े गणेश, हरसिद्धि चौराहा होते हुए चारधाम आश्रम पहुंचकर गंतव्य के लिए रवाना होंगे।

### →करीब 10 लाख भक्तों के आने का अनुमान

महाशिवरात्रि पर देशभर से करीब 10 लाख भक्तों के आने का अनुमान है, इसलिए भीड़ नियंत्रण की दृष्टि से शीघ्र दर्शन टिकट व्यवस्था को स्थगित रखने का निर्णय लिया गया है। दर्शनार्थी एक मार्ग से मंदिर आएंगे तथा दूसरे मार्ग से गंतव्य के लिए रवाना होंगे।

# दूध में मिलावट संबंधी जांच के लिए दूध विक्रेताओं को संस्थान में फैट मशीन रखना अनिवार्य

**कलेक्टर ने धारा 144 के तहत आदेश जारी किए, मशीन नहीं रखने वालों के विरुद्ध होगी कार्रवाई**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। दूध में मिलावट संबंधी जांच के लिए दूध विक्रेताओं को संस्थान में फैट मशीन रखना अनिवार्य कर दिया गया है। जनसामान्य के स्वास्थ्य के हित एवं लोक शांति को बनाए रखने हेतु इंदौर जिले की सम्पूर्ण राजस्व सीमा क्षेत्र के लिये कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आशीष सिंह द्वारा धारा 144 के तहत आदेश जारी किए गये हैं। संस्थानों में फैट मशीन नहीं रखने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी।

जारी प्रतिबंधात्मक आदेशानुसार समस्त दुग्ध विक्रेता/डेयरी संचालक अपने प्रतिष्ठान में फैट (वसा) एवं एस.एन.एफ. मापक यंत्र अनिवार्य रूप से रखना सुनिश्चित करेंगे। समस्त दुग्ध विक्रेता / डेयरी संचालक विक्रय किए जा रहे दूध में फैट एवं एस.एन.एफ. की खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं विनियम 2011 के अनुसार निर्धारित / मानक मात्रा एवं वर्तमान दुग्ध पदार्थ में उपस्थित मात्रा को इलेक्ट्रानिक रूप से डिस्प्ले पर अथवा सूचना पटल पर लिखकर अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करेंगे। समस्त दुग्ध विक्रेता / डेयरी संचालक उपभोक्ताओं के चाहे जाने पर उनके समक्ष ही दूध का परीक्षण कर फैट एवं एस.एन.एफ. की मात्राओं से अवगत करायेंगे। समस्त दुग्ध विक्रेता / डेयरी संचालक मापक यंत्र के संबंध में आवश्यक जानकारी एवं प्रशिक्षण आवश्यकता अनुसार उपभोक्ताओं को प्रदान करेंगे।

समस्त दुग्ध विक्रेता / डेयरी संचालक जिनके द्वारा डोर-टू-डोर दूध सप्लाई की जाती है वे अपने साथ मापक यंत्र रखना अथवा दूध के डिब्बों/केन पर फैट एवं एस.एन.एफ. की मात्रा प्रतिदिन दिनांक के साथ अनिवार्य रूप से उल्लेखित किया जाना सुनिश्चित करेंगे। समस्त दुग्ध विक्रेता/डेयरी संचालक को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं विनियम 2011 के अनुसार प्रतिदिन दूध आवक एवं विक्रय का रिकार्ड का संधारण करना अनिवार्य है। साथ ही उक्त रजिस्टर में फैट एवं एस.एन.एफ. की जानकारी भी अंकित किया जाना सुनिश्चित करेंगे।

उक्त समस्त बिन्दुओं के पालन के संबंध में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा समय-समय पर जांच की जाएगी। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाये जाने पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 एवं विनियम 2011 के अंतर्गत प्रकरण तैयार कर सक्षम न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

### खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा डेयरियों की जाँच शुरू

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आशीष सिंह द्वारा जारी आदेश के पालन में अपर कलेक्टर गौरव बैनल द्वारा गठित दल के द्वारा मिलावट से मुक्ति अभियान के अन्तर्गत दूध एवं दूग्ध पदार्थों की जांच हेतु नमूना कार्यवाही की जा रही है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी की टीम द्वारा छोटा बागडदा रोड स्थित जय श्री चरण श्याम दूध डेयरी, मुस्कान डेयरी एवं स्वीट्स, नंदवंश दूध दही भण्डार खातीवाला टैंक, स्नेहल डेयरी माणिकबाग रोड, राजनंदनी डेयरी दूध दही भण्डार सुखदेव नगर, श्री अखण्ड भारत मिल्क एण्ड मिल्क फूड पिपल्याखाला, सांवरिया डेयरी एण्ड स्वीट्स सिरपुर, सुहाना डेयरी धार रोड, शक्ति डेयरी धार रोड, भेरू भवानी डेयरी धार रोड, श्री देव डेयरी जय श्री नगर, मेहर डेयरी धार रोड, शिव शक्ति डेयरी धार रोड, मधुरम डेयरी धार रोड, गणेश डेयरी धार रोड, श्रीराम डेयरी धार रोड, मनमोहन डेयरी नगीन नगर पर जांच की गई है। इन 17 डेयरियों में से 08 डेयरियों पर फैट मशीन पाई गई । शेष डेयरियों को धारा 144 के अन्तर्गत फेट मशीन अनिवार्य रूप से लगाने तथा फैट एवं एसएनएफ की जानकारी सूचना पटल पर प्रदर्शित करने के संबंध में अंतिम चेतावनी दी गई है। पुनः निरीक्षण में उक्त आदेश का पालन नहीं करने वाले डेयरी संचालक के विरूद्ध विधिअनुसार कार्यवाही की जाएगी। उक्त प्रतिष्ठानों से खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के गठित दल द्वारा दूध एवं दूध से बने पदार्थों के 47 नमूने जांच हेतु लिये गये हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

## सिर्फ छह विषय में पीएचडी के लिए शोध सलाहकार समिति तय, 29 फरवरी से होंगे इंटरव्यू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। चालीस विषयों में शोध के लिए देवी अहिल्या विश्वविद्यालय ने डाक्टरल एंट्रेंस टेस्ट (डीईटी) अक्टूबर में आयोजित करवाई। महीनेभर के भीतर रिजल्ट भी जारी कर दिया। मगर शोध सलाहकार समिति (आरएसी) बनाने में विश्वविद्यालय प्रशासन को तीन महीने लगे। बावजूद इसके सिर्फ छह विषयों की आरएसी के तहत साक्षात्कार की तारीख आई है। ये विभाग अब 29 फरवरी से इंटरव्यू करवाने जा रहे है। उधर, बाकी विषयों की आरएसी को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। तारीख तय नहीं होने से उम्मीदवार अभी अपने साक्षात्कार के लिए इंतजार करने में लगे हैं। हालांकि अधिकारी अभी जल्द प्रक्रिया करवाने का आश्वासन दे रहे हैं।**

विश्वविद्यालय ने चालीस विषय में 935 पीएचडी सीटों के लिए 31 अक्टूबर 2023 को परीक्षा करवाई। 3600 में से 2900 उम्मीदवारों ने परीक्षा दी। नवंबर 2023 में रिजल्ट निकाला गया, जिसमें 31 फीसद 890 उम्मीदवार उत्तीर्ण हुए। इसके अलावा जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) वाले 350 को भी शामिल किया। इसके बाद उम्मीदवारों के लिए आरएसी करवाने में विश्वविद्यालय को दो से तीन महीने का समय लगा।

### उम्मीदवारों को इन तारीखों को बुलाया

शैक्षणिक विभाग ने फरवरी में सभी विषयों की आरएसी के लिए पैनल सदस्यों ने नाम तय कर दिए। इसके बाद आरएसी की तारीख विभागों को अपने स्तर पर तय करना है। मगर विभागाध्यक्ष भी लेटलतीफी करने में लगे हैं। अभी तक सिर्फ छह विभागों में आरएसी की तारीख निर्धारित की है। 29 फरवरी को बायोटेक्नोलाजी, 6 मार्च को गणित, 11 मार्च को फामेर्सी, मार्च के पहले सप्ताह में फिजिक्स, बायोकेमिकल, एनर्जी विभाग के उम्मीदवारों को इंटरव्यू के लिए बुलाया है। वहीं, सबसे ज्यादा प्रबंधन और वाणिज्य में सीटें है, लेकिन इन विभागों ने पैनल सदस्यों से अभी तक चर्चा नहीं की है। इस वजह से साक्षात्कार की तारीख निर्धारित नहीं की है।

### 34 विषय के उम्मीदवार इंतजार में

ऐसा ही हाल तुलनात्मक भाषा, अर्थशास्त्र, शारीरिक शिक्षा, शिक्षा, कम्प्यूटर इंजीनियरिंग, इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रानिक्स टेलीकम्युनिकेशन, आइटी, केमिस्ट्री सहित 34 विषय के उम्मीदवार इंतजार करने में लगे है। शैक्षणिक विभाग के सहायक कुलसचिव अनुराग त्रिवेदी का कहना है कि सभी विषयों की पैनल जनवरी में बनाई। उसके बाद प्रत्येक विभाग को अपने स्तर पर आरएसी करवाना है। कोर्स वर्क के बाद इन्हें पीएचडी के लिए शोधार्थियों का चयन करना है।

## दस माह में बिजली कंपनी ने सवा लाख नए कनेक्शन प्रदान किए

**जिले में सर्वाधिक 47 हजार कनेक्शन प्रदान किए**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी नए सर्विस कनेक्शन प्राथमिकता के साथ प्रदान कर रही है। जारी वित्तीय वर्ष के दौरान फरवरी दूसरे सप्ताह तक कंपनी स्तर पर सवा लाख कनेक्शन सर्व किए गए है। इसमें से सबसे ज्यादा इंदौर जिले में सैंतालीस हजार कनेक्शन प्रदान किए गए है। सबसे ज्यादा घरेलू कनेक्शन ही रहे हैं।

बिजली वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक अमित तोमर ने बताया कि मालवा निमाड़ में अप्रैल 2023 से फरवरी 2024 के दूसरे सप्ताह तक नए सर्विस कनेक्शन प्राथमिकता से प्रदान किए गए है। अब तक सवा लाख कनेक्शन दिए जा चुके है। वित्तीय वर्ष के समाप्त होने तक करीब डेढ़ लाख नए सर्विस कनेक्शन का अनुमान है। प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर ने बताया कि जारी वित्तीय वर्ष के दौरान सबसे ज्यादा इंदौर जिले में छियालीस हजार कनेक्शन दिए गए। इसमें से शहर में 31500 एवं देहात में 15500 कनेक्शन शामिल है। श्री तोमर ने बताया कि नए कनेक्शन की मांग में उज्जैन जिला दूसरे स्थान पर तेरह हजार, खरगोन जिला तीसरे स्थान पर आठ हजार चार सौ, रतलाम जिला चौथे स्थान पर साढ़े सात हजार, धार जिला पांचवें स्थान पर साढ़े सात हजार, मंदसौर छठें स्थान पर छः हजार तीन सौ, देवास जिला कंपनी में सातवें स्थान पर छः हजार दौ सौ नए कनेक्शन के साथ रहा। अन्य जिलों में भी सवा दौ हजार से पांच हजार नए कनेक्शन मांग के अनुरूप जारी वित्तीय वर्ष के दौरान समय पर प्रदान किए गए है। श्री तोमर ने बताया कि कंपनी नए कनेक्शन सर्व करने के लिए कंपनी जीरो टालरेंस पर कार्य करती है। यथासंभव तीन दिन में कनेक्शन प्रदान किए जा रहे है, ऑन लाइन, 1912, ऊर्जस एप, पोर्टल आदि माध्यमों से नए कनेक्शन तेजी से दिए जा रहे हैं।

### झटपट मिली बिजली कंपनी से सेवा

वंदना नगर निवासी ऋषभ शुक्ला ने बताया कि बिजली के स्थाई कनेक्शन के लिए ऑन लाइन आवेदन दिया गया। सुखलिया जोन की टीम ने समय पर पहुंचकर कनेक्शन प्रदान किया। कनेक्शन समय पर मिलने का फीडबैक भी लिया गया।

वैशाली नगर में रहने वाले कौस्तुभ दुबे ने बताया कि कंपनी नए कनेक्शन समय पर दे रही है। हमारे रिश्तेदार को मात्र दो दिन में कनेक्शन मिला। 1912 पर भी बिजली कंपनी की शिकायतों का तेजी से निराकरण हो रहा है।

**कटाक्ष**




## ग्राम पंचायत सचिव निलंबित

**इंदौर।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन ने ग्रामीण विकास कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर जिले की ग्राम पंचायत असरावद खुर्द के पंचायत सचिव श्री ईश्वर मठोलिया को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। सीईओ जिला पंचायत सिद्धार्थ जैन द्वारा बुधवार को जनपद पंचायत इंदौर में ग्राम पंचायतों के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, जनपद पंचायत सीईओ, सहायक यंत्री, सभी उपयंत्री एवं जिला पचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी उपस्थित थे। निर्माण कार्यो की समीक्षा में पाया गया कि ग्राम पंचायत असरावद खुर्द में सामुदायिक भवन, सेग्रेगेशन शेड, सामुदायिक शौचालय आदि कार्य अपूर्ण पड़े हुए हैं। निर्माण कार्यों में मूल्यांकन से अधिक राशि आहरण की गई है। सचिव श्री ईश्वर माठोलिया को इन कार्यों में शिथिलता के लिए कारण बताओ सूचना पत्र भी जारी किया गया था, किंतु उसके बाद भी प्रगति नही आई। समीक्षा उपरांत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन द्वारा ग्राम पंचायत असरावद खुर्द के सचिव श्री ईश्वर माठोलिया को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

## केएफडब्ल्यू बैंक जर्मनी के प्रतिनिधि ने देखी इंदौर की स्मार्ट मीटरिंग

**इंदौर।** केएफडब्ल्यू बैंक जर्मनी के प्रतिनिधि एवं दक्षिण एशियाई देशों में ऊर्जा विभाग से संबंद्ध कार्य देखने वाले सेकात घोष ने शुक्रवार को इंदौर में पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी का दौरा किया। इस दौरान श्री घोष कंपनी के प्रबंध निदेशक अमित तोमर से भी मिले। इस दौरान इंदौर शहर के स्मार्ट मीटर परियोजना संबंधी कार्यों एवं स्मार्ट मीटरीकरण से आए बदलाव पर चर्चा की गई।



## गांधी हाल में मालवा दर्शन की शूटिंग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। रुकमणी प्रोडक्शन द्वारा मालवा को समर्पित गाना मालवा में आकर देखो उज्जैनी धाम..., की शूटिंग राजबाड़ा, गांधी हाल, जानापाव पर की गई है, गायक सिंगजीत और आयुषी मुस्कान के गायन राधे यादव का लिखा हुआ धर्मेंद्र भदौरिया के संगीतबद्ध किया हुआ, मालवा गाने का निर्देशन निर्भय चौधरी ने किया है प्रोड्यूसर राजेश मिश्रा ने बताया कि धार्मिक चैनल के प्रसिद्ध अभिनेता रुद्र कुमार टीवी अदाकारा सुमन गुप्ता मुंबई से शूटिंग के लिए आए है 2 दिवसीय शूटिंग में मालवा के सभी पर्यटन स्थल पर इसका फिल्मांकन किया जा रहा है।

# कहासुनी से हुए विवाद में मारपीट

### एक घायल, कॉलेज के छात्रों का हंगामा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **एसजीएसआईटीएस कॉलेज (श्री गोविंदराम सेकसरिया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस) में आधी रात स्टूडेंट हंगामा करने लगे। कहासुनी से शुरू हुई बात मारपीट तक पहुंच गई। एक छात्र को गंभीर चोट आई है। पूरा विवाद सेकेंड ईयर और फोर्थ ईयर के छात्रों के बीच हुआ है। जानकारी के बाद तुकोगंज थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। घायल को अरबिंदो अस्पताल में भर्ती कराया गया है।**

कॉलेज में इन दिनों प्रोग्राम चल रहा है। इसी वजह से छात्र एकत्रित हुए थे। विवाद के दौरान कॉलेज फैकल्टी भी मौजूद थी। स्टूडेंट्स एक दूसरे पर खुलेआम पत्थरबाजी कर रहे थे। घटना शुक्रवार रात की है। कॉलेज के बाहर चाय की दुकान है। यहां इंजीनियरिंग के छात्रों के बीच मामूली बातचीत हुई। फिर सीनियर छात्रों ने जूनियर छात्रों को पीट दिया। सेकेंड ईयर का छात्र प्रियांशु राठौर के आंख में गंभीर चोट आई है। यह बवाल देर रात तक चलता रहा। मौके पर पहुंची पुलिस को देख आरोपी छात्र भाग गए। कुछ को गिरफ्तार भी किया गया है।

कॉलेज के स्टूडेंट ने बताया कि कॉलेज में प्रोग्राम चल रहा है। कुछ स्टूडेंट के नशे में थे। यहां किसी की कोई रोक-टोक नहीं रहती है। पास में ही हम लोग वहीं चाय की दुकान पर जा रहे थे। अपने पांच दोस्तों के साथ कुछ लोग खड़े थे। सिगरेट पी रहे थे। दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। हम भी 5 लोग थे। कहासुनी के बाद हम लोगों ने विवाद को शांत करा दिया। इसके बाद सभी आरोपी हॉस्टल चले गए। हम लोगों ने अपने सीनियर विकास सिंह को घटना के बारे में बताया। विकास आदर्श को लेकर मालवा मिल की तरफ गया। फिर 25 से 30 लडक़े हॉस्टल से आए। सबसे ज्यादा फोर्थ ईयर के थे। थर्ड और सेकेंड के भी शामिल थे। बीच बचाव के दौरान प्रियांशु के सिर पर शराब की बॉटल मार दी गई। उसे गंभीर चोट आई है। अरविंदों में भर्ती है।

## युवक की मौत, परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **पीथमपुर के सेक्टर एक थाना अंतर्गत प्लास्टिक बैग बनाने वाली कमर्शियल कंपनी में मंगलवार को एक मजदूर की मौत हो गई थी। जिसके बाद शुक्रवार को परिजनों ने हंगामा कर फैक्टी प्रबंधक पर लापरवाही का आरोप लगाया है।**

पुलिस के मुताबिक अकोलिया निवासी हरभजन पिता लघु नामदेव (45) मंगलवार सुबह घर से अप्रैल पार्क स्थित कमर्शियल कंपनी में काम करने निकला, लेकिन शाम तक घर वापस नहीं पहुंचा। कंपनी से संपर्क करने पर परिजनों को पता चला कि तबीयत खराब हो जाने की वजह से उसे पीथमपुर के हेल्थकेयर अस्पताल में ले जाया गया है। जब परिजन अस्पताल पहुंचे तब तक व्यक्ति की मौत हो चुकी थी। इसके बाद परिजनों ने कंपनी प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए बताया कि कंपनी प्रबंधन ने उनके पिता की मृत्यु की जानकारी समय पर नहीं दी। साथ समय पर इलाज न कराने के से मजदूर की मौत हो गई।

## पत्नी बोली मुझे तलाक दे दो, फिर कर दिया हमला

इंदौर। **एरोड्रम इलाके में रहने वाली एक महिला के खिलाफ उसके पति ने प्रकरण दर्ज कराया है। पति का आरोप है कि पत्नी आए दिन विवाद करती है। कल भी विवाद करते हुए उसने कहा कि तुम मुझे तलाक दे दो और फिर मारपीट करते हुए कांच से हमला कर घायल कर दिया।**

पुलिस के अनुसार सावन निगम पिताकन्हैयालाल निगम (38) निवासी 96 नगीन नगर पुरानी कलानी के पास की शिकायत पर उसकी पत्नी अभिलाषा के खिलाफ केस दर्ज किया है। सावन ने पुलिस को बताया कि मेरे बच्चे तनिष निगम व ईशान निगम को स्कूल जाने में लेट हो रहा था तो मैने मेरी पत्नि अभिलाषा को बोला कि मैं दोनो बच्चो को स्कूल छोड कर आ जाता हूँ मेरी पत्नि बोलने लगी कि तुम बच्चो को छोडने स्कूल मत जाओ तुम्हे देख कर लोग मेरी हंसी उडाते है मैं तुम्हारे साथ रहना नही चाहती हूँ तुम मुझे तलाक दे दो और मुझे माँ बहन की गाली गलौच करने लगी जो मुझे सुनने में बुरी लगी फिर मैने मेरी पत्नि अभिलाषा को गाली गलौच करने से मना किया तब मेरी पत्नि ने मेरे साथ हाथ मुक्को से मारपीट की और घर में लगा हुआ कांच उठाकर मुझे मारा जिससे मुझे दायें हाथ में चोट लगकर खुन निलकने लगा।

## चेन लूट में आरोपी पकड़ाया

**इंदौर।** इंदौर की अन्नपूर्णा पुलिस ने 68 साल की महिला से चेन लूट के मामले में एक आरोपी को पकड़ा है। आरोपी सदर बाजार इलाके का रहने वाला है। एडिशनल डीसीपी अभिनव विश्वकर्मा की टीम ने केसर बाग रोड के 6 बंगलो पर रहने वाली ललिता जैन के साथ हुई लूट के मामले में मुन्ना उर्फ अरबाज उर्फ फिरोज निवासी सदर बाजार को पकड़ा है। आरोपी ने सिल्वर रंग की बाइक पर आकर महिला से चेन लूटी थी। सीसीटीवी फुटेज के बाद पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। ललिता इसके बाद घबरा गई। उन्होंने बेटे अमित को मामले की जानकारी दी। बुधवार रात थाने जाकर केस दर्ज कराया। इसके बाद आरोपी के फुटेज वायरल किये गए। इसमें अरबाज की पहचान हो गई। अन्नपूर्णा पुलिस इस मामले में जल्द ही खुलासा करेगी।

**मामला पेट्रोलियम डिपो मैनेजर के घर लूट का ...**

# सफेद कार संदेह के घेरे में

### टोल पर दो बार फास्टैग से कटा चार्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **इंडियन ऑइल पेट्रोलियम के डिपो मैनेजर के घर शुक्रवार तडक़े हुई लूट में पुलिस को कुछ नए सुराग मिले हैं। एक सफेद कार से जुड़ा है। दूसरा धार जिले मे दो बार रूट बदलने का। पुलिस को शक है कि यह हरकतें उन्होंने गुमराह करने के लिए की है। अभी अफसर कुछ भी कहने से बच रहे हैं।**

हालांकि, घर में लूट के दौरान एक सीसीटीवी कैमरे का मुंह गलती से रूम की तरफ घुमा देना भारी पड़ जाता है। उसमें उनकी धमकाते हुए वीडियो के साथ बोलचाल भी कैद हुई है। वीडियो में दिख रहे हथियार और उनकी बोली ने भी बड़ा क्लू दिया है। एमआर 10 के पास कालिंदी गोल्ड की लंदन विला में डिपो मैनेजर पुष्पेंद्र मित्तल, उनकी पत्नी आकांक्षा और दो बच्चों को चार लुटेरों ने बंधक बना लिया था। गहने-कैश और होंडा सिटी कार लेकर भाग गए।

वारदात के बाद इंदौर, धार, झाबुआ में अलर्ट है। जानकारी मिली है कि आदिवासी बेल्ट से आए बदमाश इंदौर में सिर्फ दिखाने के लिए पैदल घूम रहे थे, वे यहां तक किससे और कैसे आए, यह संदेहास्पद है।

दरअसल, वारदात वाले इलाके में रात को फुटेज में एक सफेद कार नजर आई। शक है कि गैंग के बदमाश इसी से आए और गुमराह करने के लिए कुछ साथी कॉलोनियों में पैदल घुसे। बाद में भागते समय संदिग्ध सफेद कार को अन्य बदमाश दूसरे रास्ते से ले गए। हालांकि, पुलिस इस कार को लेकर कोई भी स्पष्ट बात नहीं कह रही है। उसका कहना है कि पहले यह बात सामने आई थी लेकिन ऐसा ही है, सफेद कार पर अभी कह नहीं सकते।

जैसे ही बदमाशों ने घर में लूट के दौरान कैमरा घुमाया तो फुटेज में उनकी बोली भी कैद हो गई। यह आदिवासी बोलचाल थी जो धार-झाबुआ तरफ प्रचलित है। जब बदमाश इंदौर से भागे तो रास्ते में आए दो टोल टैक्स बूथ पर फास्टैग से अमाउंट कट गया। इससे रूट पकडऩे में आसानी हुई। कार की लोकेशन भी उसी तरफ आई।

# पत्रकार, प्रतिभा सम्मान समारोह और भजन संध्या 2 मार्च शनिवार को बाबा श्री गार्डन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे सम्मानित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** शहर के उभरते पत्रकारों व समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य करने वालो का सम्मान संस्था 'आदित्य' द्वारा 2 मार्च शनिवार को एयरपोर्ट रोड स्थित बाबाश्री गार्डन में किया जायेगा।संस्था 'आदित्य' के संयोजक सचिन नीमा ने बताया की इस कार्यक्रम में अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आमंत्रित इंदौर के गणमान्यों का सम्मान किया जायेगा साथ ही पत्रकारों व समाजसेवियों के अलावा भजन गायक सुधीर व्यास (ये चमक ये दमक फेम) व किशन भगत (महाकाल की कृपा से सब काम हो रहा है) व राष्ट्रीय कवि सत्यनारायण 'सत्तन', प्रो. सरोज कुमार (प्रसिद्ध कवि), डॉ. रागिनी मक्खर (जीटीवी फेम प्रसिद्ध कलाकार, कार्तिक जोशी (मशहूर धावक), प्रतीक्षा नैयर 'मालवी भाभी' का भी सम्मान किया जायेगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ साथ उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, केबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, सांसद लालवानीजी, महापौर भार्गवजी, संघ प्रचारक तपन भौमिकजी, साथ ही शहर के सभी विधायक के साथ-साथ सभी भाजपा के पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम में शिक्षा, साहित्य, कला, खेल के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में भी उन सभी का सम्मान किया जायेगा। जिन्होंने इंदौर का नाम विश्वपटल पर गौरवान्वित किया है। इस दौरान अखबार के विशेषांक का विमोचन भी होगा। साथ ही खजराना मन्दिर के गुरु अशोक भट्ट, रणजीत हनुमान के दीपेश व्यास, अन्नपूर्णा मन्दिर के विश्वेश्वरजी महाराज, गोवर्धन नाथजी की हवेली के गोकुलोउत्सवजी व गोंदवले धाम के कोकजेजी का भी सम्मान किया जायेगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील विनोद निगम, अमर गोमे, भरत राठौर, सुरेश जैन, मनीष शिन्दे, रवि खिंची, उमेश पांडे, पवन लासुरकर, शिवेंद्र नामदेव, अमन कनाडे,प्रवीण मौर्य, रूपेश भाई, सुरेश वर्मा आदि ने की है।

# लहसुन के खेतों की सीसीटीवी और बंदूक से रखवाली

## महंगी लहसुन चोरों के निशाने पर, किसान 24 घंटे कर रहे निगरानी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन/ छिंदवाड़ा। इस बार लहसुन के ऊंचे भाव ने किसानों को खुश तो कर दिया, लेकिन चिंता भी बढ़ा दी। चिंता- खेत में लहसुन को चोर-बदमाशों की नजर से बचाने की और इसीलिए मध्यप्रदेश में किसान अपने खेतों पर सीसीटीवी कैमरे से नजर रख रहे हैं। उज्जैन में तो एक किसान बंदूक के साथ खेत की रखवाली कर रहा है। इस बार मध्यप्रदेश में लहसुन के भाव 30 हजार से लेकर 40 हजार रुपए क्विंटल तक मिले। किसानों का कहना है कि बस इसी बात की चिंता है कि ऊंचे भाव देखकर कहीं खेत से फसल चोरी नहीं हो जाए।**



### डर कहीं चोर महंगी लहसुन चुरा न लें, इसलिए चौकीदार रखे

उज्जैन शहर से 9 किलोमीटर दूर मंगरोला गांव। यहां के किसान जीवन सिंह और भरत सिंह बैस लहसुन की रखवाली करते नजर आए। इनके परिवार में दो बीघा खेत में करीब 50 क्विंटल लहसुन की पैदावार हुई है। अपने खेत की लहसुन की रखवाली कर रहे भरत सिंह ने बताया- उपज अभी गीली है। करीब 15 दिन तक सूखने के लिए खेत में इसी तरह रखना पड़ेगा। आसपास के गांवों से चोरी की खबर आने के बाद हमारी भी चिंता बढ़ गई। खेतों में सूखने के लिए रखी लहसुन की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं। एक चौकीदार भी रखा है। रखवाली के दौरान बंदूक भी साथ में रखते हैं। दो पालतू कुत्ते हैं जो हमेशा खेत पर रहते हैं।

### एक करोड़ की लहसुन बेची, 40 लाख का मुनाफा

छिंदवाड़ा के पौनार गांव के किसान राहुल देशमुख ने महंगा बीज होने के बावजूद 13 एकड़ में लहसुन की खेती की। इस बार वे खुश हैं। उन्होंने भी अपने खेत पर सीसीटीवी लगा रखे हैं।

### सीसीटीवी की मदद से दो लहसुन चोर पकड़े

राहुल ने बताया- कुछ दिन पहले एक चोर ने मेरे खेत से 8 से 10 किलो लहसुन चुरा लिया था। इसी समय लहसुन के दाम बढ़ रहे थे, इसलिए मैंने खेत पर सीसीटीवी कैमरे भी लगवा दिए। पिछले दिनों एक चोर को लहसुन चोरी करते रंगे हाथ पकड़ लिया। इसके बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया। चोर ने तकरीबन दो-दो और पांच-पांच किलो कर 40 किलो लहसुन चोरी की थी। यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई थी।

### मंदसौर में रोजाना 20 से 24 हजार कट्टे की आवक

मंदसौर कृषि उपज मंडी में प्रतिदिन करीब 20 से 25 हजार लहसुन के कट्टे की आवक हो रही है। इनमें देशी और ऊंटी लहसुन शामिल है। गुरुवार को औसत भाव 5 हजार 400 रुपए से 16 हजार 600 रुपए तक रहा।

### रतलाम के नामली थाने में लहसुन चोरी की एफआइआर-

महू नीमच फोरलेन पर धौसवास व इप्का फैक्ट्री के बीच रात लोडिंग वाहन से 6 कट्टा लहसुन चोरी हो गया। चोरी गए लहसुन की कीमत 33 हजार रुपए है। जावरा के रत्नराज परिसर निवासी अंकित जैन आयशर गाड़ी से रतलाम मंडी में लहसुन लेकर आ रहे थे। वाहन से रस्सी काटकर लहसुन के कट्टे अज्ञात बदमाश चुरा ले गए। नामली पुलिस ने लहसुन चोरी का केस दर्ज किया है।

## जबलपुर में बच्ची से रेप अटैम्प्ट

**टीआई ने मां से कहा-**

### शिकायत से बदनामी होगी, अपना हाथ पकड़ने का केस दर्ज कराओ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर।** जबलपुर में 3 साल की बच्ची से रेप का प्रयास किया गया। परिवार का आरोप है कि वे शिकायत करने घमापुर थाने पहुंचे तो पुलिस ने यह कहते हुए रिपोर्ट लिखने से मना कर दिया कि इससे बदनामी होगी। बच्ची की मां का आरोप है कि थाना प्रभारी ने उनसे कहा - ऐसा केस करा दो कि आरोपी ने तुम्हारा हाथ पकड़ा है।

बच्ची की मां को थाने से बाहर करने की जानकारी जब मोहल्ले के लोगों को मिली तो वहां भीड़ जुट गई। स्थानीय विधायक व पूर्व मंत्री लखन घनघोरिया भी मौके पर पहुंच गए। लोगों ने नारेबाजी की। थाना प्रभारी को भी घेर लिया। हालात बिगड़ते देख चार अन्य थानों का पुलिस बल मौके पर पहुंचा। तब जाकर भीड़ पर काबू पाया जा सका।

### बच्ची के पड़ोस में रहता है आरोपी

बच्ची का परिवार घमापुर के हनुमानगढ़ी इलाके में रहता है। गुरुवार शाम बच्ची घर के अंदर अकेली सो रही थी। पड़ोस में रहने वाला कालू घर के अंदर घुस गया। अंदर से दरवाजा बंद कर दिया। इतने में बच्ची की बड़ी मां की उस पर नजर पड़ गई। उन्होंने शोर मचाया तो वह भाग निकला। बच्ची की मां भी आवाज सुनकर घर पहुंची। मां का कहना है कि बच्ची के शरीर पर कपड़े नहीं थे।

## प्रदेश में अब दक्षिण अमेरिका के काले आलू की खेती

**→1 एकड़ में खर्च 50 हजार, मुनाफा 5 लाख रुपए तक; आयरन की कमी दूर करता है**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर। मध्यप्रदेश में अब किसान परंपरागत खेती से हटाकर नई फसलों पर फोकस कर रहे हैं। सागर के युवा किसान दक्षिण अमेरिका में उगने वाले काले आलू की खेती कर रहे हैं। इससे सालाना 5 लाख रुपए तक कमाई हो रही है। काला आलू औषधीय फसल है, जिसके गुण और कीमत सफेद आलू के मुकाबले ज्यादा होती है। ग्राम कपूरिया के युवा किसान आकाश चौरसिया ने करीब 15 साल पहले मल्टीलेयर प्राकृतिक जैविक खेती शुरू की थी। अब दूसरे किसान भी उनसे प्रेरित हो रहे हैं। आकाश के पास 16 एकड़ जमीन है। इसमें से एक एकड़ पर काले आलू की फसल लगी है।**

आकाश ने सागर जिले समेत बुंदेलखंड में पहली बार काले आलू का उत्पादन किया है। उन्होंने एक एकड़ में यह फसल लगाई थी। इसमें करीब 100 क्विंटल पैदावार हुई। वह मध्यप्रदेश समेत उत्तर प्रदेश के किसानों को काला आलू उगाने की विधि सिखा रहे हैं।

### सफेद आलू की तरह ही काले आलू की होती है खेती

आकाश चौरसिया ने बताया कि काले आलू की खेती दक्षिण अमेरिका के एंडिज पर्वतीय क्षेत्रों में की जाती है, लेकिन अब इसकी खेती सागर में शुरू की है। प्रयोग के तौर पर पहली बार काले आलू की खेती की, जो सफल रही। तीन महीने में फसल आ जाती है। इस आलू की ऊपरी सतह काली और आंतरिक भाग गहरे बैंगनी रंग का होता है। काले आलू की खेती करने में एक एकड़ में किसान को करीब 50 हजार रुपए का खर्च आता है।

### काला आलू खाने से दो महीने में दूर होती है आयरन की कमी

आकाश ने बताया कि ब्लैक आलू आयरन रिच के नाम से भी जाना जाता है। काले रंग का आलू, जिसका छिलका काला और अंदर गूदा काले के साथ गहरे बैंगनी रंग का होता है। आयरन की कमी से ग्रसित कोई भी व्यक्ति यदि लगातार एक से दो महीने तक काले आलू का सेवन करे, तो उसकी आयरन की कमी दूर हो सकती है। इसके अलावा, काला आलू का उपयोग अन्य औषधि के उपयोग में होता है।

## 19 आबकारी उप निरीक्षकों के ट्रांसफर

**भोपाल।** मध्यप्रदेश शासन ने 19 आबकारी उप निरीक्षकों का शुक्रवार को ट्रांसफर कर दिया। ग्वालियर से मनीष द्विवेदी को भोपाल भेजा गया है। कमलेश सोलंकी को नीमच से इंदौर पदस्थ किया है। वहीं, अभिलाषा वर्मा को बड़वानी, संजय सिंह वर्मा को अशोकनगर, शेर सिंह मोरे को बुरहानपुर और निमिषा परमार को शाजापुर में पदस्थ किया है।

## वीरा राणा ही रहेंगी चीफ सेक्रेटरी, 6 महीने का एक्सटेंशन देने की तैयारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार ने मुख्य सचिव वीरा राणा को 6 महीने का एक्सटेंशन देने का मन बना लिया है। इसके लिए जल्द ही केंद्र सरकार को पत्र भेजने की तैयारी है। मंत्रालय के सूत्रों का दावा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने फरवरी के पहले सप्ताह में ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के दौरान मुख्य सचिव के एक्सटेंशन को लेकर चर्चा कर ली थी, जिससे लगभग तय माना जा रहा है कि राणा 30 सितंबर 2024 तक मुख्य सचिव रहेंगी। उनके एक्सटेंशन का आदेश लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने से पहले जारी हो जाएगा। मुख्य सचिव वीरा राणा का रिटायरमेंट 31 मार्च को होना है। यदि राज्य सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी मिलती है तो वे छठवीं मुख्य सचिव होंगी, जिन्हें एक्सटेंशन मिलेगा। राणा से पहले तत्कालीन शिवराज सरकार ने मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस को दो बार 6-6 महीने का एक्सटेंशन दिया था। बैंस के दूसरे एक्सटेंशन का पीरियड 30 नवंबर को पूरा होने के बाद वीरा राणा को मुख्य सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था।

## डॉक्टर के घर 5 लाख की चोरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा।** खंडवा में लगातार चोरी की वारदातें हो रही है, लेकिन पुलिस के हाथ खाली है। जिले में अब सबसे बड़ी चोरी की वारदात पंधाना थाना क्षेत्र के गांव खारवा में हुई है। बदमाश यहां एक डॉक्टर के घर में घुसे और लॉकर का ताला तोड़कर दो लाख की नकदी सहित 3 लाख रूपए के आभूषण ले गए है। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की। दूसरे दिन भी पुलिस को कोई सुराग नहीं मिला। खारवा गांव में मुख्य रोड पर मंदिर के पास स्थित डॉ. पूनम पिता फूलचंद महाजन के घर चोरी की वारदात हुई थी। उन्होंने बताया कि उनकी मौसेरी बहन के यहां खरगोन में मकान की ओपनिंग का कार्यक्रम था इसलिए पूरा परिवार खरगोन गया हुआ था। 21 फरवरी की बात है, देर शाम होने के कारण परिवार खरगोन में ही रात रूक गया। सुबह होने पर घर के लिए निकलने को तैयार थे कि गांव से भतीजे का फोन आया कि चाचा आपके घर के ताले टूटे हुए है।

New Delhi

# हवस में अंधी होकर हैवान बनी मां, प्रेमी संग मिल 2 बेटों को गला दबाकर मारा; फिर किया ये काम

**बागपत सोनीपत, (एजेंसी)** हरियाणा के सोनीपत जिले से कुछ दिन पहले लापता हुए दो मासूम सगे भाइयों के शव उत्तर प्रदेश में बागपत जिले के एक खेत से बरामद किए गए। बच्चों की मां ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर दोनों बेटों की गला दबाकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने उनकी हत्या करने के आरोप में उनकी मां के प्रेमी को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार, सोनीपत की महिला ने बागपत के बरनावा गांव के रहने वाले प्रेमी के साथ मिल अपने दो मासूम बेटों वंश (11) और वीर (7) की गला दबाकर हत्या कर दी थी। हत्या के बाद आरोपियों ने दोनों शवों को बागपत कोतवाली क्षेत्र के निरौजपुर गांव के पास गन्ने



के खेत में छिपा दिया था। पुलिस ने प्रेमी की निशानदेही पर दोनों बच्चों के शव बरामद कर लिए। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद दोनों बच्चों के शव उनके पिता और अन्य परिजनों को सौंप दिए। सोनीपत की विकास नगर कॉलोनी में रहने वाले राहुल की शादी रूबी के साथ हुई थी। शादी के बाद रूबी ने दो बेटों को जन्म दिया। इसके बाद से पति-पत्नी में मनमुटाव रहने लगा। वर्ष 2019 में राहुल और रूबी के बीच तलाक हो गया। अदालत ने दोनों बेटों 11 वर्षीय वंश और सात वर्षीय वीर को मां रूबी की कस्टडी में दे दिया था। महिला ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी : 21 फरवरी को रूबी ने दोनों बच्चों के लापता होने की गुमशुदगी सिविल लाइन थाने में दर्ज कराई थी। इस मामले में सिविल लाइन पुलिस ने रूबी के पूर्व पति राहुल से पूछताछ की।

Hyderabad

## पांच कंपनियों की लेडी डायरेक्टर ने TV एंकर को किया किडनैप, शादी का ऑफर ठुकराने पर लिया बदला!



**हैदराबाद, (एजेंसी)** हैदराबाद में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है. शादी का प्रस्ताव ठुकराने के बाद एक महिला व्यवसायी (बिजनेसवुमन) ने टीवी एंकर का अपहरण कर लिया. पुलिस के मुताबिक, व्यवसायी महिला को एक टेलीविजन एंकर का पीछा करने और उसके विवाह प्रस्ताव ठुकराने के बाद अपहरण करने के आरोप में गिरफ्तार किया है. महिला के मुताबिक, एक अज्ञात व्यक्ति ने खुद को उस टीवी एंकर के रूप में पेश किया और फिर कथित तौर पर उसे धोखा दिया और पैसे लेकर गायब हो गया. आरोपी महिला की पहचान भोगिरेड्डी त्रिशा के रूप में हुई है जो पांच स्टार्टअप कंपनियों की प्रबंध निदेशक हैं. त्रिशा ने टीवी म्यूजिक चैनल के एंकर प्रणव की प्रोफाइल मैट्रिमोनियल वेबसाइट पर देखी और उसके बाद प्रणव से संपर्क किया. जब प्रणव ने विवाह प्रस्ताव को ठुकरा दिया तो उसका अपहरण कर लिया. इस दौरान त्रिशा ने अपने साथियों की मदद भी ली. इसके बाद प्रणव किसी तरह बचकर भाग निकला और फिर पुलिस को पूरी घटना के बारे में जानकारी देते हुए मदद मांगी. हालांकि, जांच से पता चला कि प्रणव की वैवाहिक प्रोफ़ाइल को एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा गलत तरीके से पेश किया गया था. महिला दो साल पहले भारत मैट्रिमोनियल वेबसाइट के जरिए चैतन्य रेड्डी नाम के एक अज्ञात व्यक्ति के संपर्क में आई.

Uttarpradesh

## आमने-सामने टकरा गईं दो बाइक, चार लोगों की मौत, एक की हालत गंभीर

**फर्रुखाबाद, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद में सड़क हादसे में चार लोगों की जान चली गई. घटना के बाद आसपास के लोगों ने देखा तो सूचना पुलिस को दी. खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना का जायजा लिया. पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है. इसी के साथ मृतकों की शिनाख्त **के भी प्रयास किए जा रहे हैं. एजेंसी के अनुसार, यह घटना फतेहगढ़** थाना क्षेत्र में हुई है. यहां दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई. टक्कर लगते ही बाइक सवार चार लोगों की मौत हो गई, वहीं एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया. हादसे के बारे में जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि बाइक की टक्कर होने के बाद चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे. इसके बाद सूचना पर पुलिस टीम पहुंची और हादसे में घायल हुए सभी चार लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया, जिनमें से तीन को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया.

Uttarpradesh

## मुस्लिम युवक ने गणेश जी को भेजा अपनी शादी का पहला निमंत्रण, वायरल हो रहा कार्ड

**बहराइच, (एजेंसी) बहराइच में सफीपुर गांव निवासी एक मुस्लिम समाज परिवार ने अपने बेटे के विवाह के लिए हिंदू रीति रिवाज के तहत कार्ड छपवाया है। जिसमें प्रथम निमंत्रण भगवान गणेश को दिया गया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा निमंत्रण कार्ड चर्चा का विषय बना हुआ है। शादी के कार्ड में दूल्हा- दुल्हन और रिश्तेदारों के नाम तो मुस्लिम है। मगर शादी का कार्ड पूरे हिंदू रीति के अनुसार छपा है। जिस पर शादी की तारीख 29 फरवरी और पता बहराइच के कैसरगंज के गांव का है।**

इसी वायरल शादी के कार्ड की पड़ताल करने के लिए जब कार्ड पर छपे नाम के यक्ति दूल्हे के पिता सफीपुर गांव के रहने वाले अजहुल कमर से संपर्क कर उनसे वायरल हो रहे शादी के कार्ड के बारे में जानना चाहा तो उन्होंने बताया के मेरे बेटे समीर अहमद की शादी 29 फरवरी को जरवल रोड निवासी जुमेराती की बेटी सानिया खातून से होनी है और उन्होंने अपने हिंदू भाइयों को निमंत्रण देने के लिए हिंदू रीति के अनुसार शादी के कार्ड छपवाया है। गांव सफीपुर और कई जगह हिंदू भाइयों को निमंत्रण देना था, तो हमने सोचा क्यों न उनके लिए हिंदू रीति के अनुसार कार्ड छपवाया जाए, हमने परिवार रिश्तेदारों और मुस्लिमों के लिए उर्दू में भी कार्ड छपवाया है, जिसे हिंदू भाई पढ़ नहीं पाएंगे। जिससे हमने अपने हिंदू भाइयों को बेटे की शादी का निमंत्रण देने के लिए ऐसा कार्ड छपवाया है। कहा कि हिंदुओं के लिए प्रीति भोज का कार्यक्रम एक दिन पहले ही रखा है।

खेल

# दूसरे दिन लंच तक भारत पहली पारी में 34/1, यशस्वी-गिल क्रीज पर

### इंग्लैंड ने 353 रन बनाए

**रांची, (एजेंसी) भारत और इंग्लैंड के बीच रांची में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का चौथा मुकाबला जारी है। भारतीय टीम फिलहाल सीरीज में 2-1 से आगे है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 353 रन बनाए। जो रूट ने शतक जड़ा और वह फॉर्म में लौट चुके हैं। फिलहाल भारत की पहली पारी जारी है।**

दूसरे दिन लंच ब्रेक तक भारत ने अपनी पहली पारी में एक विकेट गंवाकर 34 रन बना लिए हैं। फिलहाल यशस्वी जायसवाल 27 रन और शुभमन गिल चार बनाकर क्रीज पर हैं। भारत को चार के स्कोर पर ही पहला झटका लगा था। रोहित दो रन बनाकर एंडरसन का शिकार बने थे। भारत अभी भी इंग्लैंड से



319 रन पीछे है।

इससे पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की पहली पारी 353 रन पर समाप्त हो गई है। आज इंग्लैंड ने सात विकेट पर 302 रन से आगे खेलना शुरू किया। 51 रन जोड़ने में टीम ने बाकी बचे तीन विकेट गंवा दिए। तीनों विकेट रवींद्र जडेजा ने लिए। उन्होंने एक ही ओवर में ओली रॉबिन्सन और शोएब बशीर को पवेलियन भेजा। जडेजा ने सबसे पहले रॉबिन्सन और जो रूट की 102 रन की साझेदारी को तोड़ा। इंग्लैंड की पारी के 103वें ओवर की पहली गेंद पर रॉबिन्सन को विकेटकीपर ध्रुव जुरेल के हाथों कैच कराया। वह 58 रन बना सके। इसके बाद ओवर की चौथी गेंद पर जडेजा ने शोएब बशीर को रजत पाटीदार के हाथों कैच कराया। वह खाता नहीं खोल सके। फिर उन्होंने जेम्स एंडरसन को एल्बीडब्ल्यू आउट कर इंग्लैंड की पारी को 353 रन पर समेट दिया। एंडरसन खाता भी नहीं खोल सके।

सिनेमा

## माधवन का शैतान अवतार, देखकर पत्नी को लगा डर, बोलीं- मुझसे थोड़ी दूर से बात करना...



अजय देवगन, आर माधवन और ज्योतिका स्टारर फिल्म 'शैतान' का ट्रेलर गुरुवार को सामने आया. इस सुपरनेचुरल थ्रिलर का ट्रेलर देखकर ही जनता का मुंह खुला रह गया है. अजय और ज्योतिका तो अपनी रेपुटेशन के हिसाब से फिल्म में बेहतरीन नजर आ ही रहे हैं. मगर फिल्म में विलेन का किरदार निभा रहे आर माधवन को देखकर तो जनता हैरान ही रह गई.

'तनु वेड्स मनु' फिल्म के स्वीट-सुशील शर्मा जी के रोल से आज भी जनता को याद रहने वाले माधवन, 'शैतान' में भयानक नजर आ रहे हैं. ट्रेलर से ही उनके काम की खूब तारीफ होने लगी है. ट्रेलर लॉन्च के मौके पर माधवन ने बताया कि उनकी पत्नी का ये ट्रेलर देखने के बाद क्या रिएक्शन था. माधवन ने कहा कि उनकी पत्नी ने उन्हें 'अलग नजरों से देखना शुरू कर दिया'.

बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट्स के अनुसार, माधवन ने ट्रेलर लॉन्च पर 'शैतान' के लुक पर अपनी वाइफ का रिएक्शन बताया. उन्होंने हंसते हुए कहा, 'मुझे एकदम सही से याद है कि जब मैंने उन्हें ये ट्रेलर और पिक्चर दिखाई, वो मुझे पूरी तरह एक अलग नजर से देखने लगीं. आज उन्होंने कहा कि मैं उनसे थोड़ा दूर रहकर बात करूं. तो मुझे लगता है कि इस फिल्म ने काफी हद तक मेरी पर्सनल लाइफ पर असर डाला है.'

# संपादकीय

## सियासत तेज

राजनीति में साझेदारी करके चुनाव लड़ना कोई नई बात नहीं है। जब भी विपक्षी दलों को लगता है कि सत्ता पक्ष काफी मजबूत स्थिति में है और उसे हरा पाना कठिन है, तो वे मिल कर चुनाव मैदान में उतरते रहे हैं। कई बार चुनाव के बाद भी गठबंधन बने हैं और साझा न्यूनतम कार्यक्रमों के तहत सरकारें चली हैं। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भी इसी मकसद से विपक्षी दलों ने परस्पर हाथ मिलाया था कि उन्हें सत्ताधारी भाजपा को अलग-अलग चुनौती देना मुश्किल है। इसके लिए 'इंडिया गठबंधन' बना। मगर कुछ दलों के अपने क्षेत्रीय हितों के चलते यह गठबंधन शिथिल-सा पड़ने लगा था। नीतीश कुमार के छिटकने के बाद लगा कि यह खत्म ही हो जाएगा। मगर अब उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर जिस तरह रजामंदी हुई है, उससे एक बार फिर इस गठबंधन में जान पड़ गई है। हालांकि समाजवादी पार्टी पहले ही एलान कर चुकी थी कि वह कांग्रेस को ग्यारह सीटें देगी, मगर कांग्रेस को और सीटें चाहिए थीं। अब कांग्रेस की पसंदीदा सत्रह सीटों पर सहमति बन गई है। हालांकि उत्तर प्रदेश की अमेठी और रायबरेली सीट पर समाजवादी पार्टी पहले से ही कांग्रेस के समर्थन में अपना उम्मीदवार नहीं उतारती रही है। महाराष्ट्र में शिवसेना ने भी कहा है कि वह जल्दी ही कांग्रेस के साथ मिल कर सीटों की घोषणा करेगी। इससे इंडिया गठबंधन के बाकी घटक दलों में निश्चित रूप से सकारात्मक संदेश गया है। अभी तक मुश्किलें केवल पश्चिम बंगाल, पंजाब, गुजरात और दिल्ली में अधिक बनी हुई हैं। ममता बनर्जी ने एलान किया है कि वे अकेले चुनाव लड़ेंगी। इसी तरह आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच तालमेल नहीं बैठ पा रहा। आम आदमी पार्टी को लगता रहा है कि दिल्ली, पंजाब और गुजरात में उसका आधार मजबूत है और कांग्रेस के साथ साझेदारी करने से उसे नुकसान उठाना पड़ सकता है। मगर अब वह भी जल्दी सीटों के बंटवारे पर सहमति बना लेना चाहती है। नीतीश कुमार के अलग होने से गठबंधन इसलिए कोई नुकसान महसूस नहीं कर रहा कि बिहार में अभी राजद अधिक प्रभावशाली है और वह इंडिया गठबंधन के साथ है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होकर तेजस्वी यादव ने संकेत भी दे दिया कि कांग्रेस को लेकर उनमें कोई दुराव नहीं है।चूंकि इंडिया गठबंधन को सबसे अधिक मुश्किलें हिंदी प्रदेशों में सीट बंटवारे को लेकर आ रही हैं, समाजवादी पार्टी के साथ हुए समझौते से अन्य प्रदेशों के लिए एक फार्मूला तैयार हो गया है। जिन सीटों पर जिस पार्टी का जनाधार मजबूत है, उन पर उसी का प्रत्याशी उतारने का फार्मूला लगभग तय है। मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान विधानसभा चुनाव नतीजों से कांग्रेस को भी अहसास हो चुका है कि गठबंधन दलों के साथ सीटों की साझेदारी कितनी अहम है। इसलिए अब कोई अड़चन नजर नहीं आ रही। मगर असल दिक्कत है कि इंडिया गठबंधन जिस तरह शुरू में सक्रिय हुआ था, अब वैसा नजर नहीं आता। चुनाव नजदीक आ गए हैं, मगर न तो गठबंधन ने अभी तक कोई साझा सार्वजनिक सम्मेलन किया है और न सत्ता पक्ष को घेरने के लिए ठीक से मुद्दे तय कर पाया है। भाजपा अभी से आक्रामक रुख अपना चुकी है। ऐसे में भाजपा को शिकस्त देना इंडिया गठबंधन के लिए कितना आसान होगा, दावा नहीं किया जा सकता।




# बेगम के पैर

**यह कहानी उन दिनों की है जब झज्जर शहर महेंद्रगढ़ का ही हिस्सा हुआ करता था। उस दौरान भारत के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में विदेशियों के हमले हो रहे थे। पानीपत, रोहतक और दिल्ली जैसे शहरों पर खतरा ज्यादा था। उन दिनों नवाब झज्जर में मौजूद बुआवाल तालाब की मरम्मत करवा रहे थे, ताकि मुसीबत के समय रेवाड़ी के लोगों को पानी की किल्लत न हो। अचानक कहीं से खबर आई कि दुर्रानी ने हमला कर दिया है और दुर्रानी की सेना रेवाड़ी के पास पहुंचने वाली है।**

इस बात का पता चलते ही नवाब ने अपने जांबाज सिपाहियों और वजीरों के संग जरूरी बैठक की। बैठक का मसला था कि अगर दुर्रानी की सेना झज्जर पर हमला करे, तो उससे कैसे निपटा जाएगा और अगर हमले के दौरान रोहतक या रेवाड़ी मदद मांगते हैं, तो क्या करना सही रहेगा? बैठक में मौजूद सभी लोगों ने कहा कि रियासत में सभी को हमले के बारे में सूचित कर दिया जाए और पूरी तैयारी की जाए, ताकि हमले के जवाब में कोई कसर न रहे। साथ ही आसपास की रियासतों की भी मदद की जाएगी।

उसी दिन रियासत में यह ऐलान करवा दिया गया है कि अगर हमला होता है, तो कमजोर, बीमार, महिलाएं और बच्चे जंगल में जाकर छिप जाएंगे और जवान सैनिकों का साथ देंगे। यह ऐलान शेखचिल्ली ने भी सुना। शेखचिल्ली थोड़ा परेशान हो गया, क्योंकि उसकी बेगम थोड़ी मोटी थी। उसने सोचा कि अगर हमला हुआ, तो उसकी बेगम जंगल तक कैसे पहुंचेगी। शेखचिल्ली के मन में अजीब-अजीब से ख्याल आने लगे। तभी उसने खुद को रोका और खुद से कहा, 'मैं क्या बेकार की बातें सोच रहा हूं। फिर उसने सोचा कि इस बार तो भारी मुसीबत आन पड़ी है। मैं अपनी जन्नत को इस तरह कुर्बान नहीं होने दे सकता।'

अचानक उसके मन में ख्याल आया कि कितना अच्छा हो अगर कहीं से उड़ने वाला कालीन मिल जाए। फिर उसने खुद से कहा, 'नवाब साहब ने तो मुझे घोड़ा दिया था। घोड़े की मदद से मैं बेगम की जान बचा सकता है।' दुर्रानी की सेना हाथ मलती रह जाएगी। तभी उसे ख्याल आया कि आखिर घोड़ा भी तो एक जानवर है। क्या वह मेरी बेगम का बोझ उठा पाएगा? कहीं बीच रास्ते में उसने दम तोड़ दिया, तब क्या होगा? अगर उस वक्त बेगम दुश्मनों के हाथ लग गई, तो उसकी जान कैसे बचेगी? माना बेगम के पिता ताकतवर सिपाही थे और अच्छी तलवारबाजी जानते थे, लेकिन बेगम को तो तलवार चलानी नहीं आती। मेरी बेगम को तो बस जुबाना चलाना आता है। कम से कम उनमें भी यह कला होती, तो आज वो अपनी जान बचा पाती। इतने में शेखचिल्ली को ध्यान आया कि अगर बेगम को तलवार चलानी आती भी हो, तो तलवार आएगी कहां से? अब अल्लाह मियां तलवार आसमान से टपका तो नहीं देंगे कि लो शेखचिल्ली की बेगम इससे दुर्रानी की गर्दन काट देना।

अगर ऐसा हो भी जाए, तो बेगम सच में दुर्रानी की गर्दन काट डालेगी और उस दिन दुर्रानी की सेना में खौफ छा जाएगा। उसके सारे सिपाही मैदान छोड़कर भाग जाएंगे। ये सब होता देख नवाब चौंक जाएंगे और अपनी सेना से पूछेंगे कि आखिर यह चमत्कार किसने किया है? तब सेना उन्हें बताएगी कि एक मोटी औरत ने यह कारनामा किया है, उसने दुर्रानी की गर्दन काट दी है। उस मोटी औरत की वजह से ही हम बच पाए हैं। यह सुनकर नवाब बहुत खुश होंगे और उस औरत को पूरे सम्मान के साथ दरबार में लाने का आदेश देंगे।

यह भी हो सकता है कि नवाब खुद बेगम की तलाश में निकलें। जिस तरह बादशाह अकबर नंगे पांव वैष्णो देवी के दर्शन के लिए निकले थे। तभी वे बेगम की तलवार को दुर्रानी के खून से लथपथ देखेंगे। नवाब उन्हें देखते ही उनके सजदे में झुकेंगे और सेवा का मौका मांगेंगे।

नवाब बेगम को पूरे सम्मान के साथ महल में लाएंगे और बेगम के पैरों की धूल को अपने माथे से लगाएंगे। वे वहां मौजूद सभी को बेगम के पैर चूमने के लिए कहेंगे। यहां तक कि मुझे भी यह करने के लिए कहा जाएगा। भला मैं अपनी बेगम के पैर कैसे चूम सकता हूं। इसलिए, मैं साफ मना कर दूंगा। नवाब मुझ पर चिल्लाएंगे, लेकिन मैं बार-बार मना कर दूंगा।

इस पर नवाब गुस्सा हो जाएंगे और सिपाहियों से कहेंगे कि इसे जेल में डाल दो। इतने में धड़ाम से गिरने की आवाज हुई। शेखचिल्ली की आंखे खुली, तो उसने देखा कि वह चारपाई से लुढ़ककर नीचे सब्जी काट रही बेगम के पैरों में जा गिर पड़ा है। उसके गिरते ही बेगम चिल्लाई, 'अच्छा हुआ किनारे गिरे, वरना तुम्हारी गर्दन शरीर से अलग हो जाती।' शेखचिल्ली ने अपना माथा पकड़ लिया। अब उसे दुर्रानी के हमले से ज्यादा बेगम के पांव चूमने का डर सताने लगा था। मन में यही सवाल आ रहा था कि कहीं सच में ऐसा करना पड़ गया तो?

### कहानी से सीख

**ख्याली दुनिया बनाने से अच्छा है कि इंसान वर्तमान में जीना सीखे।**




1. **India asks US to review decision to free policeman who killed Indian student Jaahnavi**
2. **Nest Asia explores culinary link of Northeast and Asia in new menu**
3. **First-ever cash incentives for armed forces' sporting achievements**
4. **Sonowal unveils initiatives to boost capacity at NEIAH in Shillong**
5. **Rahul, Siddaramaiah summoned over '40% commission' claim against BJP**
6. **Congress Downplays TMC Snub, Says Alliance Talks Still On**

# Warner Bros. shares hit all-time low: what's happening with entertainment giant?

**NEW DEIHI, (Agency).** Warner Bros. Discovery Inc. shares hit their lowest level since the stock began trading in April of 2022, after the entertainment giant reported fourth-quarter revenue and profits that fell short of Wall Street forecasts amid declining TV advertising sales and weakness at its studios business.

Sales, at $10.3 billion, fell 7% from the same period last year, the company said Friday, and came in below analysts' projections for $10.5 billion. Advertising revenue in the TV networks division dropped 12% to $1.9 billion. Revenue at its film and TV studios was $3.2 billion, down 18% from a year earlier.

Adjusted earnings before interest, taxes, depreciation and amortization came to $2.5 billion compared to estimates for $2.8 billion. The company lost 16 cents per share, a steeper drop




than expected. Analysts also cited a lack of earnings guidance for the year.

Shares were down 9.3% to $8.68 as of 12:23 p.m. in New York. Earlier they traded as low as $8.25.

Warner Bros., the parent of CNN, TNT and other networks, has been wrestling with a shift in TV viewing from traditional channels to streaming services. The strikes by Hollywood writers and actors shut down production last year.

"This business is not without its challenges," Chief Executive Officer David Zaslav said on an earnings call Friday. "Among them, we continue to face the impacts of ongoing disruption, and the pay-TV ecosystem and a dislocated linear advertising ecosystem. We are challenging our leaders to find innovative solutions."

In a move to generate additional revenue, the company has been selling more programs to other streaming services such as Netflix Inc. Direct to consumer subscribers, at 97.7 million, beat analysts' estimates for 96 million. The number included 1.3 million subscribers from its acquisition of Turkish streaming service BluTV.

# Prepaid instruments from banks, non-banks can be used to pay for public transport systems: RBI

**NEW DEIHI, (Agency).** Prepaid payment instruments (PPIs) managed by both banks and non-banking institutions can now be used to make payments for public transport systems, the Reserve Bank of India (RBI) announced on Friday.


"Public transport systems across the country cater to a multitude of commuters on a daily basis. To provide convenience, speed,



affordability, and safety of digital modes of payment to commuters for transit services, it has been decided to permit authorised bank and non-bank PPI issuers to issue PPIs for making payments across various public transport systems," the RBI said in a notification. The instructions come into effect immediately, the central bank added.

What are prepaid payment instruments?

In 2021, RBI issued 'Master Directions' on PPIs. As per these, PPIs are 'instruments that facilitate the purchase of goods and services, financial services, remittance facilities, etc., against the value stored within.' Instruments that need RBI's approval/authorisation before being issued are classified under two categories: small, and full-KYC. Small PPIs are financial tools administered by banking and non-banking bodies upon submission of basic information by the holder. These are exclusively deployed for procuring goods and services without the option for fund transfer or cash withdrawal.




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक